# जाम में फंसी एम्बुलेंस, गर्भ में शिशु की मौत

## आक्रोशित परिजनों ने चक्काजाम कर किया विरोध प्रदर्शन

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 12 दिसम्बर. गुरुवार रात महिला को डिलेवरी के लिए ले जा रही एम्बुलेंस मैहर और सतना में दो स्थानों पर जाम में फंस गई। समय पर अस्पताल नहीं पहुंचने के चलते बच्चे की गर्भ में ही मौत हो गई। महिला ने मृत शिशु को जन्म दिया। घटना से गुस्साए परिजन ने शुक्रवार सुबह जाम लगा दिया। लंबी समझाइश के बाद मामला शांत हो सका।**



प्राप्त जानकारी के अनुसार भदनपुर गांव की रहने वाली तुलसा कोल (29) को गुरुवार रात 8 बजे प्रसव पीड़ा हुई। रात करीब 9 बजे एम्बुलेंस गांव पहुंची। परिजन एंबुलेंस से प्रसूता को लेकर मैहर अस्पताल के लिए निकले। एम्बुलेंस पहले अल्ट्राटेक सीमेंट फैक्ट्री के पास एक घंटे, फिर सतना जिला अस्पताल ले जाते समय दो घंटे जाम में फंस गई। तुलसा की सास नीराबाई ने कहा- मैहर से करीब 8 किलोमीटर पहले अल्ट्राटेक सीमेंट फैक्ट्री के पास भारी वाहनों की कतार लगी थी। जाम के कारण एंबुलेंस आगे नहीं बढ़ सकी। बहू दर्द के मारे त?प रही थी। जैसे-तैसे रात करीब सवा 10 बजे सिविल अस्पताल पहुंचे। यहां डॉक्टरों ने गंभीर स्थिति को देखते हुए बहू को सतना जिला अस्पताल रेफर कर दिया। नीराबाई ने आगे कहा- रात करीब 11=30 बजे सतना के लिए निकले। सतना में स?क का काम चल रहा है। इस कारण यहां लंबा जाम लगा था।

करीब दो घंटे तक इसमें फंसे रहे। रात करीब 2 बजे जिला अस्पताल पहुंचे। यहां बहू ने मृत बच्चे को जन्म दिया। नीराबाई ने बताया कि एक साल पहले ही बेटे की शादी हुई थी। उनका यह पहला बच्चा था।

### फैक्ट्री के सामने विरोध

ट्रकों को फैक्ट्री में नहीं जाने दिया शिशु की मौत से गुस्साए परिजन ने शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे अल्ट्राटेक सीमेंट फैक्ट्री के सामने जाम लगा दिया। उन्होंने ट्रकों को अंदर नहीं जाने दिया। करीब डे? घंटे बाद फैक्ट्री प्रबंधन के अफसर मौके पर पहुंचे। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही ट्रैफिक सुधारने की व्यवस्था की जाएगी। इसके बाद प्रदर्शन खत्म किया गया। ग्रामीणों ने कहा- फैक्ट्री से रोजाना पत्थर से भरे ट्रकों की आवाजाही रहती है। रात में ये अव्यवस्थित तरीके से स?क पर ख? हो जाते हैं। इससे जाम की स्थिति बनती है।

# चित्रकूट विकास के काम गुणवत्ता के साथ समय पर हों

## कमिश्नर रीवा संभाग ने ली समीक्षा बैठक

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 12 दिसम्बर. कमिश्नर रीवा बीएस जामोद ने शुक्रवार को चित्रकूट नगर पंचायत के सभाकक्ष में संबंधित विभागों एवं कार्यकारी एजेंसी की बैठक लेकर चित्रकूट विकास के कार्यो की समीक्षा की।**



चित्रकूट समग्र विकास के चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए कमिश्नर बीएस जामोद ने कहा कि विकास परियोजनाओं के कार्य पूरी गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा में पूरे किये जायें। उन्होंने कहा कि अधिकांश निर्माण और विकास कार्यों की पूर्णता की सीमा मार्च 2026 नियत है। कार्यों में तेजी लाकर इन्हें समय-सीमा में पूर्ण करने के प्रयास करें। कमिश्नर ने कहा कि कार्य पूर्ण करने की निर्धारित समय-सीमा के अनुसार साप्ताहिक लक्ष्य निर्धारित कर कार्य पूर्ण किये जाये। कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने कहा कि चित्रकूट के विकास कार्यो की समीक्षा साप्ताहिक रूप से उनके द्वारा स्वयं वाट्सअप ग्रुप में की जायेगी। जिन विभागों की प्रगति तय समय से पीछे होगी उन्हें रेड जोन में रखा जायेगा। नगर पंचायत के सब इंजीनियर कमलराज की बैठक में अनुपस्थिति पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिये गये। इसके अलावा वन विभाग द्वारा 1.60 करोड रूपये लागत से जून 2026 तक नगर वन का कार्य पूर्ण किया जाना प्रस्तावित है। चित्रकूट में शेष बचे हुए सीवर लाइन कार्य के लिए विशेष निधि से 32 करोड 6 लाख रूपये लागत के कार्य एमपीयूडीसी द्वारा किये जा रहे हैं। जिसे फरवरी 2026 तक पूर्ण करना प्रस्तावित है। चित्रकूट-सतना तक फोरलेन सडक कार्य 2500 करोड रूपये का स्वीकृत है। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एन.एच.आई.) द्वारा शुरू किया गया यह कार्य डीपीआर स्टेज पर है। इसी तरह गुप्त गोदावरी से गुप्त गोदावरी चैराहा तक 14 किमी फोरलेन सडक के लिए लोक निर्माण विभाग को 81 करोड रूपये की स्वीकृति मिली है। जिसकी निविदा प्रक्रिया पूर्ण की जा रही है। विश्राम घाट से यूपी बार्डर तक 3 करोड 97 लाख रूपये की लागत से घाट निर्माण कराया जा रहा है। जिसकी प्रगति 98 प्रतिशत है। रघुवीर मंदिर से कामदगिरि मंदिर तक डामर रोड, नाली, ट्रैफिक साइन बोर्ड का 1 करोड 93 लाख रूपये लागत के कार्य में 95 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया गया है। रजौला बस स्टैण्ड में कैरिजवे बाउन्ड्रीवाल, रिटेनिंग वाल, गार्ड रूम और प्लेटफार्म का 4 करोड 14 लाख रूपये लागत का स्वीकृत कार्य 70 फीसदी पूर्ण कर लिया गया है।

### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस, एसडीएम मझगवां महिपाल सिंह गुर्जर, तहसीलदार कमलेश सिंह भदौरिया, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण बीआर सिंह, सीएमओ नगर पंचायत चित्रकूट अंकित सोनी, तकनीकी अधिकारी स्मार्ट सिटी दीपेन्द्र सिंह, अंशुमान सिंह, एमपीटीसी के अमित तिवारी सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# वाशरूम के दरवाजे की पर्ची से फैली गफलत

## जिला चिकित्सालय के पुरुष सर्जिकल वार्ड का मामला

**नवभारत न्यूज**

**सतना 12 दिसंबर. अस्पताल के जिस पुरुष वार्ड का वाशरुम खराब है उसी के दरवाजे पर चस्पा पर्ची यह दर्शा रही है कि आवश्यकता पड़ने पर महिला वार्ड के वाशरुम का इस्तेमाल करें. जिसके चलते एक ओर जहां सर्जिकल वार्ड में भर्ती महिलाओं के सामने समस्या खड़ी हो गई है वहीं दूसरी ओर पुरुष सर्जिकल वार्ड के मरीजों को समझ में ही नहीं आ रहा है कि आखिर वे जाएं तो जाएं कहां.**






जिला चिकित्सालय के पुरुष सर्जिकल वार्ड क्र. 1 का वाशरुम खराब है. जिसके चलते वाशरुम के दरवाजे पर ताला लगा दिया गया है. इसके साथ ही उक्त वाशरुम के दरवाजे पर एक पर्ची चस्पा कर दी गई है कि यहां का वाशरुम खराब है, लिहाजा वार्ड क्र. 5 में उपयोग करें. वहां पर नए नए भर्ती हुए मरीजों को शुरु में तो कुछ समझ में ही नहीं आया. लेकिन जब उन्हें आवश्यकता महसूस हुई और उन्होंने पर्ची के निर्देशानुसार वार्ड क्र. 5 का रुख किया तो वहां का दृश्य देखकर वे सकुचा गए. दरअसल वार्ड क्र. 5 महिला सर्जिकल वार्ड है और वहां पर सर्जरी के केस से संबंधित महिलाएं भर्ती रहती हैं. लिहाजा पुरुष वार्ड के मरीजों को यह समझ में ही नहीं आया कि आखिरकार उन्हें महिला सर्जिकल वार्ड के वाशरुम को इस्तेमाल करने के लिए कैसे कहा जा रहा है. वहीं कोई रास्ता न देख जब कुछ मरीजों ने महिला सर्जिकल वार्ड के वाशरुम का रुख किया तो इससे वहां पर भर्ती महिलाओं की परेशानी बढ़ गई. इस समस्या के संबंध में जब अस्पताल प्रबंधन से पूछा गया तो सीधा जवाब न देते हुए मामले को घुमाने का प्रयास किया जाने लगा.

# तीसरे दिन 3 छात्राएं मिलीं फाइलेरिया पॉजीटिव

**नवभारत न्यूज**

**सतना 12 दिसंबर. जिले में चलाए जा रहे फाइरेरिया उन्मूलन अभियान के तीसरे दिन की गई जांच में 3 छात्राओं को फाइलेरिया पॉजिटिव पाया गया. गौरतलब है कि इससे पहले गुरुवार को भी 2 बच्चे फाइलेरिया पॉजिटिव पाए जा चुके हैं.**

मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज शुक्ला से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में फाइलेरिया उन्मूलन के लिए चलाए जा रहे टीएएस अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को सतना-मैहर में कुल 671 बच्चों की जांच का लक्ष्य रखा गया था. इस लक्ष्य की तुलना में शुक्रवार को कुल 538 बच्चों की जांच की गई. जिसमें से 535 बच्चे फाइलेरिया निगेटिव पाए गए. लेकिन वहीं दूसरी ओर शुक्रवार को की गई जांच में 3 छात्राएं फाइलेरिया पॉजिटिव पाई गईं.

# व्यंकट-1 के 12 छात्रों की एसएसटीवी में सहभागिता के बाद वापसी

**नवभारत न्यूज**

**सतना 12 दिसंबर. हरियाणा के पंचकुला में इंडिया इंटरनेशनल साइंस फेस्टिवल 2025 के अंतर्गत आयोजित स्टूडेंट्स साइंस एण्ड टेक्नोलॉजी विलेज में शासकीय उत्कृष्ट उमा विद्यालय वेंकट क्र. 1 के दर्जन भर छात्रों ने सक्रिय सहभागिता निभाई.**



स्टूडेंट्स साइंस एण्ड टेक्नोलॉजी विलेज समन्वयक के तौर पर विद्यालय का नेतृत्व करने वाले डॉ. रामानुज पाठक उच्च माध्यमिक शिक्षक रसायन विज्ञान ने जानकारी देते हुए बताया कि आयोजन के दौरान विद्यालय की टीम ने विभिन्न वैज्ञानिक गतिविधियों, तकनीकी सत्रों, मॉडल प्रस्तुतिकरण और विज्ञान संवाद कार्यक्रमों में सक्रिय उपस्थिति दर्ज कराई. विज्ञान शिक्षा और नवाचार में उनके अनुभव ने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय मंच पर प्रभावी भागीदारी के लिए प्रेरित किया. डॉ. पाठक के नेतृत्व में एसएसटीवी 2025 में सहभागिता करने वाले वेंकट 1 के छात्रों में राणा राजवीर सिंह, दीपांशु प्रजापति, संस्कार द्विवेदी, उत्सव द्विवेदी, प्रशांत सिंह परिहार, रॉबिन सिंह, रोशन कुशवाहा, रवि कुशवाहा, हर्ष नारायण नामदेव, वैभव नामदेव, ओम कुशवाहा और प्रमित सोनी सम्मिलित रहे. चार दिनों तक चले उक्त कार्यक्रम ने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय वैज्ञानिक समुदाय से जुड़ने, सीखने और नवाचार की ओर प्रेरित होने का अवसर प्रदान किया. आयोजन में सहभागिता निभाने के बाद वापस लौटने पर सभी प्रतिभागी छात्रों और एस्कॉर्ट टीचर डॉ. पाठक का विद्यालय परिवार व प्राचार्य ने सम्मान किया.

# विद्युत विभाग के कर्मचारी को गोली मारने वाला आरोपी गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 12 दिसम्बर. शहर में प्रेम नगर अंडर ब्रिज के निकट विद्युत विभाग के कर्मचारी को गोली मारने की सनसनीखेज घटना में आरोपी उस समय पकड़ में आया जब वह हड़बड़ी में अपना कृत्रिम पैर मौके पर छोड़कर भाग गया. पीड़ित चपरासी पर गोली चलाने के बाद आरोपी एक पैर से भागता दिखा और सीसीटीवी से उसकी पहचान हुई.**



पुलिस ने नकली पैर और फुटेज की मदद से उसे गिरफ्तार कर लिया. शहर में गुरुवार शाम हुई गोलीकांड की घटना ने पुलिस और स्थानीय लोगों को चौंका दिया. एक चपरासी पर हुए इस हमले में सबसे हैरान करने वाली बात यह थी कि आरोपी का कृत्रिम पैर मौके पर छूट गया था. चपरासी ने हिम्?मत दिखाते हुए उससे हथियार और उसका नकली पैर छीन लिया था और पुलिस को सौंप दिया था. यही नकली पैर पुलिस के लिए सबसे बड़ा सुराग बना और उसी की मदद से आरोपी तक पहुंचने का रास्ता साफ हुआ. शहर के प्रेमनगर अंडरब्रिज के आसपास रहने वालों ने बताया कि गोली की आवाज के बाद वहां अफरा-तफरी मच गई थी और बाद में एक व्यक्ति को एक ही पैर के सहारे भागते देखा गया था. पुलिस ने तुरंत इलाके के सीसीटीवी खंगाले और कृत्रिम पैर के मॉडल, साइज और फिटिंग के आधार पर संदिग्धों की जानकारी इकट्ठा करना शुरू किया. पुलिस ने बताया कि पीड़ित रामनरेश वर्मन, जो विद्युत कंपनी में चपरासी के पद पर हैं, रोज की तरह ड्यूटी खत्म कर रेलवे स्टेशन की ओर जा रहे थे. तभी आरोपी राजेन्द्र कुमार सोनी ने रास्ते में उन्हें रोककर सीने पर कट्टा तान कर गोली चला दी. रामनरेश गिर पड़े, लेकिन हिम्मत दिखाते हुए उन्होंने कट्टा छीन लिया. इसी संघर्ष के दौरान आरोपी का कृत्रिम पैर उनके हाथ में रह गया. आरोपी एक पैर से लड़खड़ाते हुए भाग निकला और किसी तरह बाइक सवारों से लिफ्ट लेकर दूर निकल गया. पुलिस को जब मौके से कृत्रिम पैर मिला तो यह केस अचानक आसान हो गया. बाद में एक कैमरे में कैद फुटेज सामने आई जिसमें आरोपी एक पैर से तेजी से भागते दिखा. तकनीकी इनपुट और पुराने रिकॉर्ड मिलाकर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया.

# रेस्टोरेंट की जांच में मिली भारी अनियमितता, नोटिस जारी

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 12 दिसम्बर. उप संचालक खाद्य एवं औषधि प्रशासन डॉ मनोज शुक्ला के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की जिला सतना के टीम के द्वारा जिले में मिलावट खोरी को रोकने के लिए लगातार चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को एक रेस्टोरेंट की जांच की गई। जहां पर काफी अंदाजी और भारी अनियमितता को देखते हुए नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है।**



खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने पन्ना रोड स्थित पॉपुलर मोमोज की जांच की गई। प्रतिष्ठान में मीट को खुले में बिना टेंपरेचर नियंत्रण के रखा पाया गया जो कि हाई रिस्क को बढ़ावा देता है। किचेन में भारी गंदगी पाई गई है इस प्रतिष्ठान से पनीर एवं कढ़ाई में रखे खाद्य तेल का नमूना लिया गया है और प्रतिष्ठान में भारी अनियमितता पाए जाने पर नोटिस जारी किया गया। इसके पूर्व राजेंद्र नगर स्थित एमवे प्रतिष्ठान की जांच की गई और न्यूट्रलाइट पाउडर तथा न्यूट्रलाइट कैंडी के नमूने लिए है तथा सिविल लाइन चौराहा स्थित परिहार केक के यहां से चाकलेट केक,पाइनएप्पल केक एवं बटर स्कॉच केक के नमूने लिए गए हैं। टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी शीतल सिंह, अशोक कुर्मी और सीमा सिंह शामिल रहे।

### बाइक छोड़ भागे दुग्ध विक्रेता

खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा शुक्रवार को सिटी कोतवाली के पीछे फेरी दुग्ध विक्रेताओं से दूध के नमूने लिए गए। इसके पश्चात कोठी तेरे आहे पर स्थित दूध विक्रेताओं से दूध के नमूने लिए गए हैं। जिसमें आकाश कुमार गौतम, पप्पू पाल और लवकुश पाल के दूध के नमूने लिए गए। आलम यह रहा कि खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम के पहुंचते ही दूध वाले भागने लगे और कुछ लोग मोटर साइकिल छोड़ कर भाग गए।



# मुख्यमंत्री से मिलकर सांसद ने लोकार्पण शिलान्यास का दिया आमंत्रण

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 12 दिसम्बर. मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व वाली सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सतना लोकसभा क्षेत्र के सांसद गणेश सिंह ने शुक्रवार को भोपाल में उनसे शिष्टाचार भेंट की।**

इस मुलाकात के दौरान सांसद ने मुख्यमंत्री को गुलदस्ता भेंट कर बधाई दी तथा सतना जिले में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों के शिलान्यास और लोकार्पण के लिए औपचारिक आमंत्रण पत्र सौंपा। मुलाकात में सतना लोकसभा क्षेत्र के व्यापारिक और बुनियादी ढांचे से जुड़े मुद्दों पर भी विस्तृत चर्चा हुई। जानकारी में आया है कि शुक्रवार को भोपाल स्थित मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित इस शिष्टाचार भेंट में सतना सांसद गणेश सिंह ने डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में राज्य सरकार के दो वर्ष के कार्यकाल को सफलतम करार देते हुए बधाई दी। सांसद ने कहा कि इस अवधि में मध्य प्रदेश ने विकास, किसान कल्याण, युवा सशक्तिकरण और बुनियादी सुविधाओं के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति हासिल की है। गुलदस्ता भेंट करते हुए उन्होंने मुख्यमंत्री की दूरदर्शिता और कुशल प्रशासन की सराहना की,

# केन्द्रीय जेल में यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज डे आयोजित

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 12 दिसम्बर. केन्द्रीय जेल में शुक्रवार को पार्थशंकर मिश्रा वरिष्ठ न्यायाधीश व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सतना के मुख्य आतिथ्य व मुहम्मद जीलानी जिला विधिक सहायता अधिकारी की उपस्थिति एवं श्रीमती लीना कोष्टा, जेल अधीक्षक के समन्वयन में विधिक साक्षरता शिविर एवं सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज दिवस का आयोजन किया गया।**



इस अवसर पर पार्थशंकर मिश्रा की उपस्थिति में जेल चिकित्सक एवं पैरामेडिकल स्टॉफ द्वारा बंदियो का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया साथ ही जेल चिकित्सालय में भर्ती बंदी मरीजों से उनके स्वास्थ्य की जानकारी प्राप्त की गई। भर्ती बंदी मरीजों को फल भी वितरित किये गये। इसी कड़ी में न्यायाधीश द्वारा जेल चिकित्सक को निर्देशित किया गया कि बंदियो को स्वास्थ्य संबंधी अधिकारों तथा विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी शासकीय योजनाओं की जानकारी प्रदान करें.

# डगडीहा के रामाधार त्रिपाठी का निधन

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 12 दिसम्बर. डगडीहा के वरिष्ठ समाजसेवी सरल सहज आध्यात्मिक व्यक्तित्व के धनी रामाधार त्रिपाठी मुखिया बाबा का 101 वर्ष 4 माह में निधन हो गया।**



इनके पिता स्वर्गीय पंडित द्वारिका प्रसाद त्रिपाठी पंचायती राज स्थापना से लेकर तीन पंचवर्षीय योजना तक ग्राम पंचायत डगडीहा के तीन बार सरपंच रहे। वृक्षारोपण, तालाब निर्माण, सामाजिक कार्यक्रम में हमेशा सहभागिता रही, आसपास के गांव के लोगों ने खबर सुनकर शोक व्यक्त किया। उनके पुनीत कार्यों की सराहना की शोकाकुल परिजन राजा भैया त्रिपाठी उमाशंकर त्रिपाठी राधाकृष्ण त्रिपाठी विजयशंकर त्रिपाठी रामप्यारी त्रिपाठी श्रवण कुमार त्रिपाठी जानकीशरण त्रिपाठी अजय कुमार त्रिपाठी पंकज त्रिपाठी रामसहाय त्रिपाठी संपत कुमार त्रिपाठी ने शोक व्यक्त किया.



# कला संकाय विभाग के विद्यार्थियों ने आयोजित की यूथ पार्लियामेंट

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 12 दिसम्बर. श्री रामाकृष्णा महाविद्यालय भरहुत नगर के आडोटोरियम मे यूथ पार्लियामेंट का आयोजन कला संकाय के द्वारा किया गया,**

कार्यक्रम की भूमिका कला समूह के विभाग प्रमुख प्रो?सर सुखेद्र जायसवाल ने अपने पूरी टीम के साथ रखी! सदन की शुरुआत मार्शल मे मार्शल ने ख? होकर कहा माननीय अध्यक्ष महोदय, कृपया आसन ग्रहण करें। जिसके साथ ही सभी सदस्य खड़े होकर माननीय अध्यक्ष महोदय का अभिवादन किया! जिसके बाद अध्यक्ष महोदय आसन ग्रहण करते हुए कहा माननीय सदस्यों, आपका स्वागत है। माननीय सदस्य कृपया बैठ जाएं, और सदन की कार्यवाही शुरू की जाए! सदन की कार्यवाही प्रारम्भ होने के पहले दिल्ली मे हुए आत्मघाती हमले मे जिनकी जान चली गई उनके लिए 2 मिनट का मौन रखा गया! इसके बाद नये निर्वाचित मंत्रियो को बांग्ला, मराठी, अंग्रेजी, हिंदी, संस्कृत समेत 14 विभिन्न भाषाओ मे शपथ दिलाई गई जो बहुत ही शानदार था! इसके पश्चात प्रश्न काल,सत्र रखा गया, इस दौरान पक्ष और विपक्ष बने विद्यार्थियो द्वारा सरकार पक्ष से दिल्ली मे हुए आत्मघाती हमले मे हुई चूक पर सवाल उठाये गए.

# आयुष्मान भारत निरामय योजना के अंतर्गत विशेष कैंप का शुभारंभ

**नवभारत न्यूज**

**सतना 12 दिसम्बर. जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव पार्थशंकर मिश्र की उपस्थिति में शुक्रवार को जिला अस्पताल के सभाकक्ष में आयुष्मान भारत निरामय योजना के अंतर्गत विशेष कैंप का शुभारंभ किया गया।**



कार्यक्रम में विधिक सलाहकार मो. जिलानी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज शुक्ला, डॉ. विजेता राजपूत, डॉ. भूमिका जगवानी, अशोक सिंह, पुष्पेंद्र दाहिया, जिला सलाहकार अभिषेक सिंह, जागृति युवा मंच समिति से ज्योति पाण्डेय सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव पार्थ शंकर मिश्र ने कहा कि आयुष्मान भारत निरामय योजना गरीबों, वंचितों एवं 70 प्लस आयु वर्ग के वरिष्ठ नागरिकों के लिए एक मील का पत्थर साबित हो रही है, जिसके माध्यम से गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवायें सहज एवं निःशुल्क उपलब्ध हो रही हैं। शिविर के दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव ने हितग्राहियों से संवाद किया.

## एक नजर में



### एकेएस में मेगा नेत्र परीक्षण शिविर

**सतना।** ए.के.एस. विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण विभाग और श्री सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय, चित्रकूट के संयुक्त सहयोग से आयोजित मेगा नेत्र परीक्षण शिविर का समापन गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। पूरे आयोजन में छात्रों, कर्मचारियों और शिक्षकों की सहभागिता उल्लेखनीय रही। समापन सत्र के मुख्य आकर्षण के रूप में कुलपति प्रो. बी. ए. चोपड़े, प्रतिकुलपति प्रो. आर. एस. त्रिपाठी तथा वरिष्ठ संकाय सदस्य प्रो. जी. सी. मिश्रा ने सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय के विशेषज्ञ चिकित्सकों को स्मृति-चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया। विश्वविद्यालय ने उनके सहयोग और सेवाओं के प्रति गहरा आभार व्यक्त किया।

### श्रेया को आइकोनिक अचीवर्स अवार्ड

**सतना.** मशहूर सेलेब्रिटी एंकर श्रेया शर्मा विगत दिनों मुम्बई में आयोजित भव्य



कार्यक्रम में पूर्व सांसद संजय निरुपम के हाथों श्रेष्ठ एंकरिंग के लिए भारत आईकोनिक अचीवर्स अवार्ड 2025 के सम्मान से सम्मानित हुई .

### पदाधिकारियों ने मातृ छाया संस्थान का किया भ्रमण

**सतना,** ।मध्य प्रदेश अग्रवाल महासभा के पदाधिकारियों ने शुक्रवार 12 दिसंबर



को सेवा भारती द्वारा संचालित मातृ छाया संस्थान का भ्रमण किया। इस दौरान सभी ने मातृ छाया में पल रहे बच्चों के मध्य अपनत्व पूर्वक समय व्यतीत किया। संस्था द्वारा नवजात शिशुओं के पालन - पोषण की गतिविधियों को समझा तथा पदाधिकारीयों के साथ गंभीरता पूर्वक मंत्रणा कर वहां बच्चों के लिए और क्या सुविधाएं प्रदान की जा सकती हैं इस हेतु जानकारी ली.